राष्ट्रीय सेवा योजना
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर
Website:www.vbspu.ac.in Email.ID: nssvbspu.jnp@gmail.com

पत्रांकः **60** / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2025–26 दिनांक–01.10.2025

प्रेषक–

डॉ0 राज बहादुर यादव
कार्यक्रम समन्वयक(राष्ट्रीय सेवा योजना),
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर–मो0 नं0–9452981191

सेवा में,

प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)

राजकीय महिला महाविद्यालय, गाजीपुर

विषय– विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 (**V.B.Y.P.-2026**) के आयोजन के सन्दर्भ में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के पत्र संख्या–32–53 / रा0से0यो0 / क्षे.नि. / लख / 2025–26 / 7196–7219 दिनांक 25 सितम्बर, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से माननीय सचिव महोदया, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में दिये गए निर्देशों के अनुसार, **' विकसित भारत युवा संसद 2026'** आयोजन हेतु देशभर के 757 नोडल संस्थानों का चयन My Bharat पोर्टल से किया गया है। उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय में रासेयों क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ से प्राप्त डाटा शीट के अनुसार आपके महाविद्यालय को मंत्रालय द्वारा विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का प्रथम चरण आयोजित करने हेतु सूचीबद्ध किया गया है (सूची संलग्न)

मंत्रालय से प्राप्त कांसेप्ट नोट (संलग्न) के अनुसार विकसित भारत युवा संसद में प्रतिभागिता हेतु दिनांक–29 सितम्बर 2025 से 18–25 वर्ष आयुवर्ग के युवाओं का पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है, जिस हेतु **इन संस्थानों को** My Bharat **पोर्टल पर ' विकसित भारत युवा संसद 2026' इवेंट क्रिएट किया जाना अनिवार्य है।** 13 अक्टूबर, 2025 से 23 नवम्बर, 2025 के मध्य सूचीबद्ध संस्थानों में जनपद स्तरीय युवा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 25 नवम्बर से 22 दिसम्बर, 2025 के बीच राज्य स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया जाएगा।

गत वर्ष की भॉति इस वर्ष भी जनपद स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम हेतु नामित संस्थानों तथा भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली के बीच एक MoU हस्ताक्षर किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम आयोजित करने हेतु प्रत्येक संस्था को अधिकतम 1,20,000 / –रु0 धनराशि भी दी जाएगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त विषय के महत्व को संज्ञान में लेते हुए जनपद स्तरीय, विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आपने महाविद्यालय में उक्त कार्यक्रम की मेजबानी करने तथा कार्यक्रम आयोजन हेतु मंत्रालय द्वारा प्राप्त संलग्न MoU को संस्था प्राचार्य से हस्ताक्षरित करवाकर क्षेत्रीय निदेशायल लखनऊ को दिनांक 06 अक्टूबर, 2025 तक आवश्यक रुप से प्रेषित करने की कृपा करें एवं संस्था द्वारा 18–25 वर्ष आयुवर्ग के युवाओं का पंजीकरण प्रारम्भ करने हेतु My Bharat पोर्टल पर आवश्यक रुप से ' विकसित भारत युवा संसद 2026' इवेंट क्रिएट कर लें। संलग्न प्रारुप में आवश्यक सूचना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ को यथाशीघ्र प्रेषित करें। संदर्भित SoP एवं बैनर प्रारुप संलग्न है।

संलग्नकःयथोक्त।

भवदीय

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति जी, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मत्रालय, रा0से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय, हाल नं.–1, आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ।
3. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्चशिक्षा(रा0से0यो0को0)विभाग, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
5. कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
6. वेव मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त् सूचना विश्वविद्यालय की वेवसाइट एन0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक